**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 13.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सवेरे पंजाब में आदमपुर वायुसेना केंद्र का दौरा किया और वीर जवानों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान श्री मोदी ने जवानों के शौर्य की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया। एक रिपोर्ट–

*********************

इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान भारत की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष – सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी शामिल हुए। इस बैठक में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी मौजूद थे।

*********************

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई की ओर से 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। 12वीं में झारखंड के 88 दशमलव एक छह फीसदी बच्चे पास हुए हैं। पटना जोन में आने वाले झारखंड के 483 स्कूलों के बच्चे इस बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। इस परीक्षा में राज्य की 89 दशमलव चार–सात फीसदी लड़कियों ने बाजी मारी है जबकि छात्रों की उतीर्णता का प्रतिशत 87 दशमलव शून्य पांच प्रतिशत रहा।
10वीं का पास प्रतिशत 93 दशमलव छह छह रहा है। लड़कियों का पास प्रतिशत 95 रहा है तो वहीं लड़कों का पास प्रतिशत 92 दशमलव छह तीन रहा है। ट्रांसजेंडर का पास प्रतिशत 95 रहा है।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने पुलिस वाहन से हुई दुर्घटना में मुआवजा देने के मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने या मृत्यु होने पर सरकार बीमाकर्ता को निश्चित राशि और उत्तरदायी बनाने के लिए कानून में संशोधन पर विचार करे।

*********************

खूंटी जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में सहिया बहनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता।

*********************

राज्य के 5 जिलों के एक हजार एक सौ इकसठ शिक्षकों को समय पर ऑनलाइन ट्रेनिंग पूरा नहीं करने के लिए शिक्षा विभाग ने नोटिस भेजा है। इनसे 25 मई तक जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिन शिक्षकों को नोटिस भेजा गया है, वे रांची, लोहरदगा, खूंटी, गुमला और सिमडेगा जिलों के हैं।

*********************